RIMS LAST WEEK
E-NEWS

August 5-10, 2024

VOLUME 01| ISSUE 08

August 5-10, 2024

RIMS LAST WEEK E-NEWS

VOLUME 01| ISSUE 08

पुनर्विकास कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति

रिम्स संपदा समिति की बैठक में नए भवनों एवं सेंट्रल लैब के निर्माण कार्यों के अलावा सभी अन्य कार्यों हेतु प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया| साथ ही बिल्डिंग कॉर्पोरेशन, बिजली विभाग एवं पीएचइडी विभाग के कार्यों की समीक्षा भी की गई। निदेशक ने इन तीनों विभागों को कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं| बैठक में चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरूआ, अपर निदेशक (प्रशासन) श्रीमती सीमा सिंह व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

August 5-10, 2024

RIMS LAST WEEK E-NEWS

VOLUME 01| ISSUE 08

रिम्स Scan & Share में अव्वल

रिम्स एवं आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के द्वारा रिम्स के OPD भवन में ऑन स्पॉट आभा कार्ड बनाने की मुहीम चलाई गयी। रिम्स प्रबंधन द्वारा ABHA एवं Scan & Share द्वारा डिजिटलीकरण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। OPD भवन में मुहीम के दौरान ABHA से लाभ उठाने के लिए रोगी परिचारक (Patient Attendants) काफी उत्सुक दिखे| Scan & Share के माध्यम से पर्ची बनवाने के लिए रिम्स आने वाले मरीज़ो को लाइन में लम्बा इंतज़ार नहीं करना पड़ता है| ऑनलाइन टोकन लेने के पश्चात Scan & Share के काउंटर से पर्ची दी जाती है| ABDM झारखण्ड के Capacity Building कार्यक्रम के तहत चलाये गए इस मुहीम में स्कैन & शेयर से रिम्स में 970 पर्ची बनाई गई जो जो पूरे राज्य में सबसे ज्यादा थी|

August 5-10, 2024

RIMS LAST WEEK
E-NEWS

VOLUME 01| ISSUE 08

अस्पताल प्रबंधन और चुनौतियाँ पर कार्यशाला का आयोजन

रिम्स में "अस्पताल प्रबंधन और चुनौतियाँ: एक आधुनिक दृष्टिकोण" पर कार्यशाला का आयोजन किया गया| कार्यशाला के मुख्य वक्ता SGPGI लखनऊ के अपर चिकित्सा अधीक्षक सह अस्पताल प्रबंधन के विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ) आर हर्षवर्धन ने कहा कि "डॉक्टरों के लिए ड्रेसकोड एप्रन नहीं बल्कि प्रतिबद्धता, समर्पण और जुनून होना चाहिए।" वहीं रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने कहा कि, "अस्पताल प्रबंधन को प्रशासन तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि उन सीमित सीमाओं से बाहर आना चाहिए और साथ ही चिकित्सकों को प्रशासन के साथ साथ कानूनी पहलुओं की भी जानकारी रखनी चाहिए| कार्यक्रम में स्वास्थ्य देखभाल में कानूनी पहलू पर विस्तार में चर्चा हुई|

कार्यक्रम में डीन डॉ विद्यापति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेन्द्र बिरुआ, अपर चिकित्सा अधीक्षक सह अस्पताल प्रबंधन में स्नातकोत्तर के नोडल पदाधिकारी डॉ शैलेश त्रिपाठी, अपर निदेशक (प्रशासन) श्रीमती सीमा सिंह, IGNOU के क्षेत्रीय निदेशक डॉ एस मोहंती, अन्य फैकल्टी व छात्र मौजूद थे|

RIMS LAST WEEK
E-NEWS
VOLUME 01| ISSUE 08

रिम्स में चोरी

रिम्स परिसर में कुछ अज्ञात लोगों ने अगस्त 1 की रात में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर गर्ल्स हॉस्टल 7 एवं 8 के परिसर में प्रवेश कर वहां रखे बर्तनों की चोरी कर फरार हो गए। डीन (छात्र कल्याण) ने बरियातू थाने में एफआईआर करने के निर्देश दिए हैं।

रिम्स में चोरी एवं दलालों से निपटने के 14 CCTV कैमरे अस्पताल परिसर व पार्किंग स्थल पर लगाये गए हैं। चरणबद्ध तरीके से पूरे कैंपस में कैमरे लगाए जायेंगे| यह 14 CCTV कैमरे नाइट विजन से लैस हैं और कम रोशनी में भी गतिविधियों को कैद करने की इनमें क्षमता है। इन कैमरों को उपाध्यक्ष कक्ष से जोड़ा गया है जहां पर इसकी मानिटरिंग की जाएगी।

RIMS LAST WEEK
E-NEWS

VOLUME 01| ISSUE 08

रिम्स से जुड़ी सही खबरों के लिए रिम्स के **Facebook**, **X** (formerly Twitter) और **Youtube Channel** से जुड़ें|

@Rims Ranchi

@ranchi_rims

@rimsranchi3365